उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:97/2017/1803/छप्पन-2017-54/2010
लखनऊ : दिनांक : 01 दिसम्बर, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1535/छप्पन-2010-26/2008 टी0सी0, दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा को मुख्य प्रवक्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 41,000/- (रूपए इकतालीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2010 के अपराह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया था, जिसकी अवधि दिनांक 07 दिसम्बर, 2011 को समाप्त हो गयी थी। तदुपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ाई गई है। अंतिम बार कार्यालय-ज्ञाप संख्या-05/2017/1523/छप्पन-2016-54/2010, दिनांक 03 जनवरी, 2017 द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 77,531/- (रुपए सतत्तर हजार पांच सौ इकतीस मात्र) पर दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2017 तक (अर्थात 01 वर्ष) के लिए बढ़ाई गयी थी, जो दिनांक 07 दिसम्बर, 2017 को समाप्त हो रही है। निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा अपनी संविदा अवधि अग्रेतर बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया है और यह भी कहा है कि श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा अपना कार्य निष्ठापूर्वक सम्पादित किया जा रहा है। साथ ही निदेशक, ए0टी0आई0 ने मुख्य प्रवक्ता के पद पर श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि अग्रेतर एक वर्ष बढ़ाने का प्रकरण शासन को संदर्भित किया है। अतः सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल मुख्य प्रवक्ता के पद पर कार्यरत श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 07 दिसम्बर, 2018 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 81,408/- (रूपए इक्यासी हजार चार सौ आठ मात्र) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा को शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार नियत मासिक पारिश्रमिक एवं वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि अनुमन्य होगी।

2- श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा को उक्त संविदा अवधि में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तों के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती हैं और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम 157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भॉति अवकाश देय होगा।

3- श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, (संविदा)
मुख्य प्रवक्ता,
एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0 संख्या-97/2017/1803(1)/छप्पन-2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. कार्मिक अनुभाग-1
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।